रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 536] नई दिल्ली, सोमवार, फरवरी 4, 2019/माघ 15, 1940
No. 536] NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 4, 2019/MAGHA 15, 1940

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 2019

का.आ. 653 (अ).– मंत्रालय प्रारुप अधिसूचना का.आ. 3335(अ.), दिनांक 9 दिसम्बर, 2015 के अधिक्रमण में, अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को या ई-मेल esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

नमेरी राष्ट्रीय उद्यान, सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य और नमेरी बाघ रिज़र्व पश्चिम असम में सोनीतपुर जिले में और आंशिक रूप से उदलगूरी जिले में स्थित है। नमेरी राष्ट्रीय उद्यान का वर्ष 2000 में असम सरकार की अधिसूचना सं. एफ आर डब्ल्यू-95/99/70 दिनांक 1 मार्च, 2000 के द्वारा नमेरी राष्ट्रीय उद्यान (1998 में अधिसूचना सं. एफ आर डब्ल्यू II/96/81 दिनांक 13 अगस्त, 1998 को अधिसूचित किया) के कोर क्षेत्र 200 वर्ग किलोमीटर के अंतर्गत कोर क्षेत्र के साथ नमेरी बाघ रिज़र्व घोषित किया गया और पूर्व और पश्चिम पर बफर क्षेत्र का 144 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र बाघ रिज़र्व के कुल क्षेत्र का 344 वर्ग किलोमीटर है और सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य (1998 में अधिसूचना सं. एफ आर डब्ल्यू–33/98/11 दिनांक 13 सितम्बर, 1998 क्षेत्र 220 वर्ग किलोमीटर के साथ अधिसूचित है) को असम सरकार अधिसूचना सं.एफ आर एम.236/2014/20 दिनांक 18 जून 2015 के द्वारा नमेरी बाघ रिज़र्व को सैटेलाइट कोर घोषित किया गया था, जिसमें सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य के 220 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से 120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आता है। दोनों संरक्षित क्षेत्र उच्च जैव-विविधता मूल्य के साथ अरूणाचल प्रदेश की सीमा और वन क्षेत्रों से सटे हुए हैं;

और, दोनों संरक्षित क्षेत्र पूर्वी हिमालय के पादगिरि में स्थित हैं जिनमें सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य का 200 वर्ग किलोमीटर और 220 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। जिसे हाथियों संख्या के लिए सुरक्षित गलियारा और साथ ही बाघों की संख्या के लिए संरक्षण की आवश्यकता है;

और, संरक्षित क्षेत्र आठ वैश्विक खतरे में पड़ी प्रजातियों, ग्यारह खतरे में पड़ी प्रजातियों और पांच के खतरे के कगार वाली प्रजातियों का वास है;

और, संरक्षित क्षेत्र में जीवजंतुओं की विविधता है जिनमें स्तनधारी, उभयचर और पक्षी शामिल है। स्तनधारियों के उदाहरण में एशियाई हाथी (*एलिफस मैक्सीमूस*), बाघ (*पैंथेरा टाइगरिस*), तेंदुआ (*पैंथेरा पार्डस*), मलिन तेंदुआ *(नेओफेलिस नेबुलोस),* काला भालू *(उरसुस अमेरीकनउस),* जंगली कुत्ता (*कुओन अल्पाइंस),* रीछ(*मेलउर्सस उर्सिनस*), पिग्मी हॉग*(पोरकुला सल्वानिया),* गौर (*बोस गौरस),* सांभर (*रुसा यूनीक्लोर*), कैप्ड लंगूर *(त्रच्यपिथेकस पिलातुस)* आदि पाए जाते है; मालायन बॉक्स कछुआ *(कुओरा एम्बॉन्सेन्सिस),* पूर्वी हिल टेरापिन *(मेलानोचेल्यस टीकरीनाआ),* स्पॉट ब्लैक टेरापिन (*जॉलेमिस हमिल्टोनि),* ब्राउन रूफड कछुआ *(कछुगा स्मिथि),* इंडियन रूफड कछुआ *(कछुगा टेकटा),* इंडियन टेंट कछुआ *(कछुगा टेकटा टेकटा), असम* रूफड कछुआ*(पांगशुरा सिलेथेन्सिस)* पक्षियों के उदाहरण में व्हाइट चैक्ड तितर *(आर्बोरोफिला एट्रोगूल्यूलिस),* रेड जंगली मुरगा *(गल्लुस गल्लुस),* कलिज फिजेंट (*लोफुरा लेयूकोमेलानोस),* ग्रे पीकॉक फिजेंट *(पॉलीप्लेक्ट्रॉन बाइकलकार्टम),* फुल्वस व्हिस्लिंग कबूतर*(डेंडरोग्रा बाइकोलर),* लेसर व्हिस्लिंग डक *(डेंडरोग्रा जवानिका),* बार-हेडेड गूस*(अन्सेर इंडिकुस), गडवाल्ल (अनास स्ट्रेपेरा),* माल्लार्ड *(अनास प्लैटीरिनचोस),* स्क्लेक्ड प्यूलेट *(पिकुम्नस इंनोमिनाट्स),* रूफोस कठफोड़वा *(केल्स बराचयउरूस), हिमालायन* फ्लेमबैक *(दीनोओपियम सोरी),* ग्रेट हॉर्नबिल (बुकरोस बाइकोर्निस), ग्रेट बार्बेट (मेगाइमा वीरेन), *पिइड* कोयल(क्लैमरेटर *जकोबिनुस),इंडियन* कोयल (क्यूकुलस माइक्रोप्रेटस) आदि शामिल हैं;

और, संरक्षित क्षेत्र आवासी और प्रवासी पक्षीजीवों की संख्या जैसे लबिस बिल्ल, पल्लास फिशिंग ईगल, स्लेंडर बिल्लेड गिद्ध, हिमालयन गरिफ्फों गिद्ध, ग्रेट हॉर्नबिल, रुड्डी शेल्डक, मरगेंगेर की बृहत् विविधता को आश्रय प्रदान करता है;

और, संरक्षित क्षेत्र मे परूप प्रजातियों की विविधता है उदाहरण के लिए *मेंगिफेरा सीलवाटिका, अमौरा वाल्लिचि, इम्बलिका ओफ्फिकिनालिस, स्पोंदीउस मेगिफेरा, मन्सोनिया दीपिकै, कुतैवा रेलिगिओसा, टर्मिनलिया नुदीफ्लोरा, ट्रेविआ नुदीफ्लोरा, चिकरास्सिस टबुलारिस, मूरूस लविगाटा, फिकुस स्पा,, गमेलिना अरबोरिया, डिऑक्सीलुम हमिल्तोनि, टर्मिनलिया मैरोकार्पा* आदि;

और, नमेरी राष्ट्रीय उद्यान, सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य और नमेरी बाघ रिज़र्व उत्तर पूर्व भारत जैव-भौगोलिक जोन के उत्तर पूर्व ब्रह्मपुत्र घाटी जैव-भौगोलिक प्रांत (9ए) से संबंधित है और इसमें असम घाटी उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन, उप-हिमालयन लाइट जलोढ़ अर्ध सदाबहार वन, पूर्वी जलोढ़ माध्यमिक अर्ध-सदाबहार वन, केन ब्रेक, निचला जलोढ़ सावाना वनस्थली, पूर्वी हॉल्लोक वन, पूर्वी मौसमी दलदल वन, पूर्वी डिल्लेनिया दलदल वन और पूर्वी आर्द्र जलोढ़ घासभूमि है;

और, संरक्षित क्षेत्र का असीम शोध, मनोरंजनात्मक और शैक्षिक मूल्य है;

और, संरक्षित क्षेत्रों के आसपास बढ़ती मानव जनसंख्या से आने वाले समय में तक संरक्षित क्षेत्र में पर्यावासों, पशुओं, पक्षियों और मछलियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है;

और, नमेरी राष्ट्रीय उद्यान, सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य और नमेरी बाघ रिज़र्व के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमा पैरा 1 में विनिर्दिष्ट है, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योग या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) एवं उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राज्य में नमेरी राष्ट्रीय उद्यान, सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य और नमेरी बाघ रिज़र्व की सीमा के चारों ओर 1314.00 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र मापा गया है शून्य किलोमीटर (उत्तर में अरूणाचल के साथ अंत:राज्य सीमा के कारण) से 22.7 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् नमेरी राष्ट्रीय उद्यान, सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य और नमेरी बाघ रिज़र्व पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा**--(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार नमेरी राष्ट्रीय उद्यान, सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य और नमेरी बाघ रिज़र्व के साथ शून्य किलोमीटर (उत्तर में अरूणाचल के साथ अंत:राज्य सीमा के कारण) से 22.7 किलोमीटर तक फैला हुआ है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्र 1314.00 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** के रूप में संलग्न है।

(**3**) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के संरक्षित क्षेत्र का मानचित्र **उपाबंध-IIक और उपाबंध- IIख** में दिया गया है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और संरक्षित क्षेत्र की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची क्रमश: **उपाबंध-III क, उपाबंध-IIIख और उपाबंध-III ग** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–(1) राज्य सरकार, द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनाई जायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण,

(ii) वन और वन्यजीव,

(iii) कृषि,

(iv) राजस्व,

(v) शहरी विकास,

(vi) पर्यटन,

(vii) ग्रामीण विकास,

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण,

(ix) नगरपालिका,

(x) पंचायती राज,

(xi) लोक निर्माण विभाग,

(xii) राजमार्ग, और

(xiii) असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों की बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा तथा सहायक मानचित्र भी दिया जाएगा। इस महायोजना में विद्यमान और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में यथासूचीबद्ध प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा जैसे:

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, स्थानीय सुविधाएं तथा ग्रह वास; और

(v) बढ़ावा दिए गए पैराग्राफ-4 में उल्लिखित क्रियाकलाप:

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा:

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे:

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.-** आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों/नदियों/जलमार्गों के आवाह क्षेत्रों की पहचान करके उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी ।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्बंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजोर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

तथापि, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजोर्ट की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगा।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/रिसोर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत –** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) जिन ढ़लानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी।

(18) केन्द्र सरकार और राज्य सरकार, यदि आवश्यक समझें तो, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए, अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेंगी।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड) अधिसूचना, 2011एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) स्थानीय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किए जाने वाले क्रियाकलापों, जिनमें घरों के निर्माण या मरम्मत और मकान बनाने एवं अन्य क्रियाकलापों के लिए देशी टाइलें या ईटें बनाने हेतु जमीन की खुदाई शामिल है, को छोडकर सभी नई और वर्तमान (लघु एवं वृहद खनिज) पत्थर खोदने एवं तोडने वाली ईकाइयां तत्काल प्रभाव से निषिद्ध की जाती हैं ; (ख) खनन क्रियाकलाप, टी.एन. गोदावर्मन थिरूमलपाद बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं 202 में दिनांक 4 अगस्त, 2006 तथा गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 2012 की रिट याचिका(सिविल) सं. 435 में दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार किए जाएंगे।
2.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई आरा मिलों की स्थापना और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
3.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञा दी होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	बड़ी ताप एवं जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
7.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी।

		परन्तु गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
8.	होटलों और रिजॉर्टो की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिजोर्टो की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी। परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
9.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
10.	प्लास्टिक थैलों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
11.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उडाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकार भूमि या राजस्व भूमि या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रह ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	सुरक्षा बल शिविर / सेना प्रतिष्ठान।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
16.	नई लकड़ी आधारित उद्योग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
17.	नदियों और प्राकृतिक जल निकायों में मत्स्य पालन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
18.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
20.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
21.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

	में बाड लगाना ।	
22.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
23.	रात्रि में सड़क यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
24.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पर्वतीय ढलानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
28.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
29.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
30.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	वानस्पतिक बाड़ लगाना।	लागू विधियों के अधीन अनुमति दी जाएगी।
34.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी निगरानी के लिए एक मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

1.	आयुक्त, उत्तरी असम संभाग, तेजपुर	-अध्यक्ष;
2.	वन संरक्षक, उत्तरी असम मंडल, तेजपुर	–सदस्य;
3.	उप आयुक्त (सोनितपुर, विश्वनाथ चरियाली और दरांग)	–सदस्य;
4.	संभागीय वन अधिकारी (सोनितपुर पूर्व संभाग और सोनितपुर पश्चिम प्रभाग)	–सदस्य;
5.	जिला उद्योग महाप्रबंधक (सोनितपुर, विश्वनाथ चरियाली और दरंग)	–सदस्य;
6.	जिला कृषि अधिकारी (सोनितपुर, विश्वनाथ चरियाली और उदलगुड़ी)	–सदस्य;
7.	राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	–सदस्य;

8.	राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता में एक विशेषज्ञ	–सदस्य;
9.	नामित किया जाने वाला पारिस्थितिकी और पर्यावरण का एक विशेषज्ञ।	–सदस्य;
10.	राज्य लोक निर्माण विभाग का एक प्रतिनिधि	–सदस्य;
11.	क्षेत्रीय अधिकारी, असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	–सदस्य;
12.	संभागीय वन अधिकारी, पश्चिमी असम वन्यजीव संभाग	–सदस्य-सचिव।

6.विचारार्थ विषय:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध V** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/117/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ.सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

संरक्षित क्षेत्र के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर	जी.पी.एस बिंदु सं. 1 (92^0 39'49.154" पू एवं 270 2' 15.953" उ) से नमेरी बाघ रिज़र्व एवं सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा से आरंभ होती है जो कि असम-अरूणाचल प्रदेश अंत:राज्य सीमा पर स्थित है। जी.पी.एस बिंदु सं. 1से, पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा अंत:राज्य सीमा के साथ पूर्व की ओर जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं.16 (93^0 3'44.348"पू एवं 26^0 55'15.106"उ) से मिलती है।
पूर्व	वहां से, नमेरी बाघ रिज़र्व एवं सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा नदौर रिज़र्व वन (गीलधरी नदी के बाएं तट) की पूर्वी सीमा के साथ दक्षिण की ओर जी.पी.एस.बिंदु सं.16 (93^0 3'44.348"पू एवं 26^0 55'15.106"उ) से जाती है और जी.पी.एस.बिंदु सं.20 (93^0 4'34.473"पू एवं 26^0 52'5.854"उ) से मिलती है जहां नदौर रिज़र्व वन सीमा समाप्त होती है। पुन: इस बिंदु से पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा गीलधरी नदी के बाएं तट के साथ दक्षिण की ओर जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं.29 (93^0 4'17.832"पू एवं 26^0 44'53.981"उ) में एन एफ रेलवे लाईन तक मिलती है।
दक्षिण	वहां से, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा जी.पी.एस बिंदु सं.29 (93^0 4'17.832"पू एवं 26^0 44'53.981"उ) से जी.पी.एस बिंदु सं. 43 (92^0 48'51.004"पू एवं 26^0 49'1.700"उ) के एन.एफ रेलवे लाइन के साथ पश्चिम दिशा की ओर जाती है। जी.पी.एस बिंदु सं.43 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं.51(92^0 44'59.425"पू एवं 26^0 52'15.756"उ) के मनसरी नदी के साथ जाती है। जी.पी.एस बिंदु सं.51 से सीमा दक्षिण की ओर चरीदौर रिज़र्व वन सीमा के साथ जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 52 (92^0 45'1.792"पू एवं 26^0 51'58.139"उ) से मिलती। जी.पी.एस बिंदु सं. 52 से, सीमा चरीदौर रिज़र्व वन की दक्षिणी सीमा के साथ पश्चिमी दिशा की ओर पुन: जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं. 57 (92^0 37'10.058"पू एवं 26^0 51'45.111"उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 57 से सीमा चाय बगान सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं.58 (92^0 36'9.157"पू एवं 26^0 51'9.464"उ) से मिलती है जी.पी.एस बिंदु सं. 58 से सीमा पुन: पश्चिम दिशा की ओर जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं.59 (92^0 32'34.049"पू एवं 26^0 51'17.806"उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 59 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 66 (92^0 30'29.853"पू एवं 26^0 48'2.151"उ) के चरीदौर रिज़र्व वन सीमा के साथ दक्षिण की ओर जाती है। जहां यह एन एफ रेलवे लाइन से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 66 से सीमा चरीदौर रिज़र्व वन सीमा के साथ दक्षिण की ओर जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं. 70 (92^0 28'34.258"पू एवं 26^0 48'13.748"उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 70 से सीमा पुन: एन एफ रेलवे लाइन के साथ पश्चिम की ओर जाती है यह मैनाजूली नदी के दाएं तट पर जी.पी.एस बिंदु सं. 77 (92^0 18'42.874"पू एवं 26^0 47'41.114"उ) से मिलती है
पश्चिम	मैनाजूली नदी के दाएं तट पर जी.पी.एस बिंदु सं.77 (92^0 18'42.874"पू एवं 26^0 47'41.114"उ) से, सीमा मैनाजूली नदी के दाएं तट के साथ उत्तर की ओर जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं. 83 (92^0 19'1.653"पू एवं 26^0 51'49.565"उ) से मिलती है। इस बिंदु से, सीमा रोवता रिज़र्व वन सीमा के साथ पश्चिमी की ओर जाती है और रोवता नदी के बाएं तट पर जी.पी.एस बिंदु सं. 87 (92^0 14'18.087"पू एवं 26^0 51'21.401"उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं.87 से सीमा रोवता नदी के बाएं तट के साथ जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 92 (92^0 15'9.080"पू एवं 26^0 54'30.674"उ) से मिलती है जो कि असम-अरूणाचल प्रदेश अंत:राज्य सीमा पर स्थित है। वहां से, जी.पी.एस बिंदु सं.92 से, सीमा असम-अरूणाचल प्रदेश अंत:राज्य सीमा के साथ जाती है यह जी.पी.एस बिंदु सं.1 से मिलती है, जो कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन सीमा का आरंभिक बिंदु है।

उपाबंध- II क

नमेरी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध- II ख

नमेरी राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: नमेरी बाघ रिज़र्व की सीमा पर जी.पी.एस. अवस्थान बिंदु

जी.पी.एस. बिंदु	देशांतर	अक्षांश
(1 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 39'49.154" पू	27⁰ 2'15.953" उ
(2बाघ रिज़र्व)	92⁰ 41'35.715" पू	27⁰ 1'49.628" उ
(3 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 42'55.925" पू	27⁰ 1'34.120" उ
(4 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 44'49.016" पू	27⁰ 1'48.286" उ
(5बाघ रिज़र्व)	92⁰ 46'21.957" पू	27⁰ 1'57.353" उ
(6 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 48'28.721" पू	27⁰ 1'27.857" उ
(7 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 50'6.506" पू	27⁰ 0'42.237" उ
(8 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 51'0.280" पू	27⁰ 0'31.570" उ
(9बाघ रिज़र्व)	92⁰ 52'0.484" पू	27⁰ 0'19.633" उ
(10 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 53'23.087" पू	26⁰ 59'57.870" उ
(11 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 55'17.902" पू	26⁰ 58'55.534" उ
(12 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 55'7.269" पू	26⁰ 58'25.257" उ
(13 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 55'12.864" पू	26⁰ 57'45.443" उ
(14 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 59'1.640" पू	26⁰ 56'10.994" उ
(15 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 58'11.504" पू	26⁰ 55'31.225" उ
(16 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 56'53.025" पू	26⁰ 54'53.892" उ
(17 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 56'28.866" पू	26⁰ 53'40.887" उ
(18 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 55'17.356" पू	26⁰ 53'7.147" उ
(19 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 53'58.941" पू	26⁰ 52'46.436" उ
(20 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 52'49.182" पू	26⁰ 52'6.686" उ
(21 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 51'55.914" पू	26⁰ 50'34.612" उ
(22 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 51'20.264" पू	26⁰ 50'28.418" उ
(23 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 50'39.049" पू	26⁰ 50'43.275" उ
(24 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 50'18.551" पू	26⁰ 51'34.720" उ
(25 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 49'56.088" पू	26⁰ 53'8.109" उ
(26 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 49'44.339" पू	26⁰ 53'12.665" उ
(27 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 51'20.568" पू	26⁰ 53'1.249" उ
(28 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 51'19.902" पू	26⁰ 54'29.807" उ
(29 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 50'20.268" पू	26⁰ 56'3.044" उ
(30 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 49'15.240" पू	26⁰ 57'29.786" उ
(31 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 47'44.238" पू	26⁰ 58'26.780" उ
(32 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 45'52.360" पू	26⁰ 59'33.325" उ
(33 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 44'17.479" पू	26⁰ 59'45.602" उ
(34 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 42'50.366" पू	26⁰ 0'2.433" उ

(35 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 41'20.420" पू	26⁰ 59'44.703" उ
(36 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 39'59.132" पू	27⁰ 0'25.217" उ
(37 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 38'57.725" पू	27⁰ 0'52.845" उ
(38 बाघ रिज़र्व)	92⁰ 39'21.748" पू	27⁰ 1'31.554" उ

सारणी ख: सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के जी.पी.एस

जी.पी.एस. बिंदु	**देशांतर**	**अक्षांश**
(1 वन्यजीव)	92⁰ 34'40.798" पू	26⁰ 57'31.909" उ
(2 वन्यजीव)	92⁰ 34'50.419" पू	26⁰ 57'2.264" उ
(3 वन्यजीव)	92⁰ 35'3.761" पू	26⁰ 55'56.000" उ
(4 वन्यजीव)	92⁰ 34'53.983" पू	26⁰ 54'35.779" उ
(5 वन्यजीव)	92⁰ 34'42.179" पू	26⁰ 53'32.621" उ
(6 वन्यजीव)	92⁰ 35'19.916" पू	26⁰ 52'14.131" उ
(7 वन्यजीव)	92⁰ 35'48.746" पू	26⁰ 51'48.559" उ
(8 वन्यजीव)	92⁰ 32'34.612" पू	26⁰ 51'50.656" उ
(9 वन्यजीव)	92⁰ 29'58.715" पू	26⁰ 51'50.128" उ
(10 वन्यजीव)	92⁰ 28'52.439" पू	26⁰ 51'49.890" उ
(11 वन्यजीव)	92⁰ 27'2.748" पू	26⁰ 51'49.475" उ
(12 वन्यजीव)	92⁰ 25'14.975" पू	26⁰ 51'49.045" उ
(13 वन्यजीव)	92⁰ 23'25.668" पू	26⁰ 51'48.586" उ
(14 वन्यजीव)	92⁰ 20'44.211" पू	26⁰ 51'47.864" उ
(15 वन्यजीव)	92⁰ 20'38.600" पू	26⁰ 52'29.817" उ
(16 वन्यजीव)	92⁰ 20'43.533" पू	26⁰ 53'3.981" उ
(17 वन्यजीव)	92⁰ 20'54.558" पू	26⁰ 54'3.110" उ
(18 वन्यजीव)	92⁰ 21'22.262" पू	26⁰ 55'13.582" उ
(19 वन्यजीव)	92⁰ 22'2.756" पू	26⁰ 55'56.127" उ
(20 वन्यजीव)	92⁰ 22'11.213" पू	26⁰ 55'42.819" उ
(21 वन्यजीव)	92⁰ 24'4.879" पू	26⁰ 55'28.867" उ
(22 वन्यजीव)	92⁰ 24'53.185" पू	26⁰ 56'33.566" उ
(23 वन्यजीव)	92⁰ 25'43.015" पू	26⁰ 56'27.579" उ
(24 वन्यजीव)	92⁰ 27'0.331" पू	26⁰ 57'30.921" उ
(25 वन्यजीव)	92⁰ 28'39.751" पू	26⁰ 57'40.101" उ
(26 वन्यजीव)	92⁰ 30'23.610" पू	26⁰ 57'47.840" उ
(27 वन्यजीव)	92⁰ 32'2.946" पू	26⁰ 57'34.234" उ
(28 वन्यजीव)	92⁰ 33'10.992" पू	26⁰ 57'27.092" उ

सारणी ग: नमेरी राष्ट्रीय उद्यान/रूपाई वन्यजीव अभयारण्य/नमेरी बाघ रिज़र्व के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पर जी.पी.एस. अवस्थान बिंदु

जी.पी.एस. बिंदु	देशांतर	अक्षांश
1.	92° 39'49.154" पू	27° 2' 15.953" उ
2.	92° 41'35.715" पू	27° 1' 49.628" उ
3.	92° 42'55.925" पू	27° 1' 34.120" उ
4.	92° 44'49.016" पू	27° 1' 48.286" उ
5.	92° 46'21.957" पू	27° 1' 57.353" उ
6.	92° 48'28.721" पू	27° 1' 27.857" उ
7.	92° 50'6.506" पू	27° 0' 42.237" उ
8.	92° 51'0.280" पू	27° 0' 31.570" उ
9.	92° 52'0.484" पू	27° 0' 19.633" उ
10.	92° 53'23.087" पू	26° 59' 57.870" उ
11.	92° 55'17.902" पू	26° 58' 55.534" उ
12.	92° 55'7.269" पू	26° 58' 25.257" उ
13.	92° 55'12.864" पू	26° 57' 45.443" उ
14.	92° 59'1.640" पू	26° 56' 10.994" उ
15.	93° 1'30.098" पू	26° 54' 45.891" उ
16.	93° 3'44.348" पू	26° 55' 15.106" उ
17.	93° 3'34.070" पू	26° 54' 14.430" उ
18.	93° 4'23.339" पू	26° 53' 43.571" उ
19.	93° 4'44.819" पू	26° 52' 45.717" उ
20.	93° 4'34.473" पू	26° 52' 5.854" उ
21.	93° 4'27.956" पू	26° 51' 11.884" उ
22.	93° 4'2.889" पू	26° 50' 33.403" उ
23.	93° 3'58.135" पू	26° 49' 29.456" उ
24.	93° 3'38.044" पू	26° 48' 18.085" उ
25.	93° 3'51.974" पू	26° 47' 34.632" उ
26.	93° 3'57.844" पू	26° 46' 56.262" उ
27.	93° 4'13.415" पू	26° 46' 9.883" उ
28.	93° 4'24.584" पू	26° 45' 36.131" उ
29.	93° 4'17.832" पू	26° 44' 53.981" उ
30.	93° 1'59.200" पू	26° 44' 46.343" उ
31.	93° 0'47.189" पू	26° 45' 19.482" उ
32.	92° 59'36.652" पू	26° 45' 36.940" उ
33.	92° 58'53.330" पू	26° 45' 46.514" उ
34.	92° 58'5.969" पू	26° 46' 4.858" उ
35.	92° 57'19.524" पू	26° 46' 24.363" उ
36.	92° 56'16.739" पू	26° 47' 2.273" उ
37.	92° 55'10.252" पू	26° 47' 42.538" उ
38.	92° 54'23.337" पू	26° 48' 11.761" उ
39.	92° 53'22.044" पू	26° 48' 47.062" उ
40.	92° 52'23.789" पू	26° 48' 44.858" उ
41.	92° 51'25.936" पू	26° 48' 41.662" उ
42.	92° 50'32.907" पू	26° 48' 38.926" उ
43.	92° 48'51.004" पू	26° 49' 1.700" उ
44.	92° 48'19.859" पू	26° 49' 15.953" उ
45.	92° 48'5.385" पू	26° 50' 15.953" उ
46.	92° 47'35.542" पू	26° 51' 15.953" उ
47.	92° 47'9.516" पू	26° 51' 15.953" उ
48.	92° 46'37.627" पू	26° 52' 15.953" उ
49.	92° 46'4.647" पू	26° 52' 15.953" उ
50.	92° 45'37.319" पू	26° 52' 15.953" उ
51.	92° 44'59.425" पू	26° 52' 15.953" उ
52.	92° 45'1.792" पू	26° 51' 15.953" उ
53.	92° 43'9.033" पू	26° 51' 15.953" उ
54.	92° 42'29.057" पू	26° 52' 15.953" उ
55.	92° 40'52.882" पू	26° 52' 11.747" उ
56.	92° 40'52.129" पू	26° 51' 43.535" उ
57.	92° 37'10.058" पू	26° 51' 45.111" उ
58.	92° 39'49.154" पू	27° 2' 15.953" उ
59.	92° 41'35.715" पू	27° 1' 49.628" उ
60.	92° 42'55.925" पू	27° 1' 34.120" उ
61.	92° 44'49.016" पू	27° 1' 48.286" उ
62.	92° 46'21.957" पू	27° 1' 57.353" उ
63.	92° 48'28.721" पू	27° 1' 27.857" उ
64.	92° 50'6.506" पू	27° 0' 42.237" उ
65.	92° 51'0.280" पू	27° 0' 31.570" उ
66.	92° 52'0.484" पू	27° 0' 19.633" उ
67.	92° 53'23.087" पू	26° 59' 57.870" उ
68.	92° 55'17.902" पू	26° 58' 55.534" उ
69.	92° 55'7.269" पू	26° 58' 25.257" उ
70.	92° 55'12.864" पू	26° 57' 45.443" उ
71.	92° 59'1.640" पू	26° 56' 10.994" उ
72.	93° 1'30.098" पू	26° 54' 45.891" उ
73.	93° 3'44.348" पू	26° 55' 15.106" उ
74.	93° 3'34.070" पू	26° 54' 14.430" उ
75.	93° 4'23.339" पू	26° 53' 43.571" उ
76.	93° 4'44.819" पू	26° 52' 45.717" उ
77.	93° 4'34.473" पू	26° 52' 5.854" उ
78.	93° 4'27.956" पू	26° 51' 11.884" उ
79.	93° 4'2.889" पू	26° 50' 33.403" उ
80.	93° 3'58.135" पू	26° 49' 29.456" उ
81.	93° 3'38.044" पू	26° 48' 18.085" उ
82.	93° 3'51.974" पू	26° 47' 34.632" उ
83.	93° 3'57.844" पू	26° 46' 56.262" उ
84.	93° 4'13.415" पू	26° 46' 9.883" उ
85.	93° 4'24.584" पू	26° 45' 36.131" उ
86.	93° 4'17.832" पू	26° 44' 53.981" उ
87.	93° 1'59.200" पू	26° 44' 46.343" उ
88.	93° 0'47.189" पू	26° 45' 19.482" उ
89.	92° 59'36.652" पू	26° 45' 36.940" उ
90.	92° 58'53.330" पू	26° 45' 46.514" उ
91.	92° 58'5.969" पू	26° 46' 4.858" उ
92.	92° 57'19.524" पू	26° 46' 24.363" उ
93.	92° 56'16.739" पू	26° 47' 2.273" उ
94.	92° 55'10.252" पू	26° 47' 42.538" उ
95.	92° 54'23.337" पू	26° 48' 11.761" उ
96.	92° 53'22.044" पू	26° 48' 47.062" उ
97.	92° 52'23.789" पू	26° 48' 44.858" उ

98.	92⁰ 51'25.936" पू	26⁰ 48' 41.662" उ
99.	92⁰ 50'32.907" पू	26⁰ 48' 38.926" उ
100.	92⁰ 48'51.004" पू	26⁰ 49' 1.700" उ
101.	92⁰ 48'19.859" पू	26⁰ 49' 15.953" उ
102.	92⁰ 48'5.385" पू	26⁰ 50' 15.953" उ
103.	92⁰ 47'35.542" पू	26⁰ 51' 15.953" उ
104.	92⁰ 47'9.516" पू	26⁰ 51' 15.953" उ
105.	92⁰ 46'37.627" पू	26⁰ 52' 15.953" उ
106.	92⁰ 46'4.647" पू	26⁰ 52' 15.953" उ
107.	92⁰ 45'37.319" पू	26⁰ 52' 15.953" उ
108.	92⁰ 44'59.425" पू	26⁰ 52' 15.953" उ
109.	92⁰ 45'1.792" पू	26⁰ 51' 15.953" उ
110.	92⁰ 43'9.033" पू	26⁰ 51' 15.953" उ
111.	92⁰ 42'29.057" पू	26⁰ 52' 15.953" उ
112.	92⁰ 40'52.882" पू	26⁰ 52' 11.747" उ
113.	92⁰ 40'52.129" पू	26⁰ 51' 43.535" उ

उपाबंध- IV

नमेरी बाघ रिज़र्व के पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ग्रामों की सूची

(प्रायोगिक एवं गैर उर्वरता-हारी की सूची)

सारणी क: नमेरी राष्ट्रीय उद्यान

क्र.सं.	**नाम**	**देशांतर**	**अक्षांश**
1.	छोटाईगांव	92⁰ 47'44.91"	26⁰ 57'34.73"
2.	छोटाईगांव(मिरीलबस्ती)	92⁰ 48'31.81"	26⁰ 56'51.08"
3.	पोटासाल्ल	92⁰ 49'29.61"	26⁰ 55'22.99"
4.	गमानी	92⁰ 48'25.23"	26⁰ 55'36.26"
5.	नतुन धारीकटी	92⁰ 49'31.86"	26⁰ 54'53.71"
6.	अरालीलागा	92⁰ 47'42.14"	26⁰ 54'22.27"
7.	सोपालोगा	92⁰ 47'44.57"	26⁰ 54'45.88"
8.	सेन्गेलीमरी	92⁰ 47'21.55"	26⁰ 53'27.56"
9.	धारीकाटी	92⁰ 49'39.99"	26⁰ 53'16.76"
10.	सोनाईबस्ती	92⁰ 49'30.47"	26⁰ 52'21.35"
11.	बोकोला	92⁰ 46'51.27"	26⁰ 52'53.91"
12.	दोलोनगबस्ती	92⁰ 47'44.05"	26⁰ 52'4.061"
13.	बेदगउल	92⁰ 47'27.26"	26⁰ 51'41.67"
14.	होद्दीबस्ती	92⁰ 48'22.29"	26⁰ 51'30.56"
15.	भोरेलीबस्ती	92⁰ 49'7.979"	26⁰ 51'39.36"
16.	भुरागांव टी जी	92⁰ 48'53.27"	26⁰ 50'57.98"
17.	लोकरा	92⁰ 48'8.450"	26⁰ 50'27.10"
18.	घोरामारी	92⁰ 49'50.37"	26⁰ 49'58.38"
19.	सलानीबस्ती	92⁰ 49'21.99"	26⁰ 49'27.81"

20.	सलानी	92⁰ 50'12.52"	26⁰ 49'24.72"
21.	बम्गांव	92⁰ 48'32.67"	26⁰ 49'18.85"
22.	अकाबस्ती	92⁰ 49'18.36"	26⁰ 48'39.70"
23.	सिलानीपाम	92⁰ 51'41.47"	26⁰ 49'38.46"
24.	बदगांव	92⁰ 51'44.93"	26⁰ 48'57.77"
25.	सिकिमगांव	92⁰ 51'52.54"	26⁰ 50'10.81"
26.	सिलानीघाट	92⁰ 52'27.93"	26⁰ 49'53.79"
27.	बहमिनिपाम	92⁰ 53'23.57"	26⁰ 49'39.89"
28.	थोवबांगा	92⁰ 53'49.01"	26⁰ 48'39.58"
29.	अगरीपाम	92⁰ 54'15.14"	26⁰ 49'40.28"
30.	पाटगांव	92⁰ 53'41.56"	26⁰ 50'13.01"
31.	रंगा छुक	92⁰ 54'39.36"	26⁰ 50'20.73"
32.	बोर दीकाराई	92⁰ 53'45.03"	26⁰ 51'31.41"
33.	मोरीकुटी	92⁰ 55'1.518"	26⁰ 51'28.63"
34.	बातामारी	92⁰ 56'6.584"	26⁰ 50'35.67"
35.	चरीस्तीअन बस्ती	92⁰ 56'5.719"	26⁰ 51'55.95"
36.	बातामारी	92⁰ 56'14.02"	26⁰ 51'13.81"
37.	गिथरीजान	92⁰ 56'45.00"	26⁰ 50'52.35"
38.	उत्तर बलीजुरी	92⁰ 57'35.35"	26⁰ 51'26.31"
39.	तेजालपट्टी	92⁰ 58'51.32"	26⁰ 52'5.219"
40.	मिरिगांव	92⁰ 56'5.113"	26⁰ 52'45.12"

सारणी ख: सोनाई-रूपाई वन्यजीव अभयारण्य

क्र.सं.	**नाम**	**देशांतर**	**अक्षांश**
1.	कछारीगांव	92⁰ 37'23.87"	26⁰ 53'30.21"
2.	लोतरा	92⁰ 37'44.41"	26⁰ 51'53.34"
3.	ताराजुली	92⁰ 38'21.12"	26⁰ 51'34.17"
4.	ताराजुली टीजी	92⁰ 38'5.055"	26⁰ 51'19.75"
5.	धानदाई टी जी	92⁰ 37'50.12"	26⁰ 50'42.92"
6.	जिअहाभारू	92⁰ 35'32.80"	26⁰ 51'25.52"

7.	रीकमारी	92⁰ 34'33.65"	26⁰ 51'18.05"
8.	कालामारी	92⁰ 32'52.00"	26⁰ 51'44.73"
9.	भाईगनजुली	92⁰ 33'11.40"	26⁰ 51'26.58"
10.	दीघालीजुली	92⁰ 33'56.28"	26⁰ 51'19.45"
11.	नाहारानी	92⁰ 33'0.179"	26⁰ 51'3.843"
12.	कोलाबारी	92⁰ 34'36.03"	26⁰ 50'35.50"
13.	धान्खाना सं. 1	92⁰ 32'32.69"	26⁰ 49'57.15"
14.	धान्खाना सं. 2	92⁰ 33'23.09"	26⁰ 49'31.35"
15.	नेपालीबस्ती	92⁰ 34'12.16"	26⁰ 49'37.29"
16.	रामनाथपुर	92⁰ 31'20.23"	26⁰ 49'15.23"
17.	घोरानीबील	92⁰ 34'57.05"	26⁰ 50'20.74"
18.	बलीकुथी	92⁰ 35'37.94"	26⁰ 50'17.17"
19.	भेरबेरी	92⁰ 34'39.64"	26⁰ 50'11.49"
20.	कथलगुरी	92⁰ 33'28.23"	26⁰ 50'19.46"
21.	गभरू	92⁰ 37'17.12"	26⁰ 49'28.13"
22.	कदाबील	92⁰ 18'21.49"	26⁰ 51'42.06"
23.	हतीटोपा	92⁰ 19'0.298"	26⁰ 51'22.38"
24.	जिन्गबिल	92⁰ 19'50.31"	26⁰ 51'29.67"
25.	देओनसानी	92⁰ 20'23.22"	26⁰ 51'14.40"
26.	जग्गापुर	92⁰ 19'35.95"	26⁰ 50'24.68"
27.	बेतीबरी टी जी	92⁰ 18'47.74"	26⁰ 50'9.922"
28.	लोकम्पुर	92⁰ 19'36.14"	26⁰ 49'39.54"
29.	भोतापारा	92⁰ 20'59.16"	26⁰ 49'11.03"
30.	चापई रउमार	92⁰ 22'16.57"	26⁰ 49'20.19"
31.	झारगांव	92⁰ 22'48.81"	26⁰ 49'13.32"

उपाबंध-V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निगरानी समिति - की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार। विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 31st January, 2019

S.O. 653(E).—In supersession of Ministry's draft notification S.O. 3335 (E), dated 9th December, 2015, the following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the Public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the Nameri National Park, Sonai-Rupai Wildlife Sanctuary and Nameri Tiger Reserve located in Sonitpur district and partly in Udalguri district on west in the State of Assam. Nameri National Park was declared as Nameri Tiger Reserve in the year 2000 *vide* Government of Assam Notification No. FRW-95/99/70 Dated 1st March 2000, with a core area comprising of 200 square kilometers of Nameri National Park (notified in 1998 *vide* Notification No. FRW-II/96/81 dated 13th August, 1998) as core area and a buffer area on east and west of the core having an area of 144 square kilometers making the total area of the Tiger Reserve 344 square kilometers and Sonai-Rupai Wildlife Sanctuary (notified in 1998 *vide* Notification No. FRW-33/98/11 dated 13th September, 1998 with an area of 220 square kilometers) was declared as satellites Core of Nameri Tiger Reserve *vide* Government of Assam Notification No. FRM.236/2014/23 dated 18th June 2015 comprising of 120 square kilometers out of 220 square kilometers of the Sonai-Rupai Wildlife Sanctuary. Both the protected areas are contiguous with the boundary and forested areas of Arunachal Pradesh with high biodiversity value;

AND WHEREAS, both the protected areas situated at the foothills of Eastern Himalayas comprising of 200 square kilometers and 220 square kilometers of Sonai-Rupai Wildlife Sanctuary which needs secure corridor for Elephant population as well as needs proper biomass for the Tiger Population;

AND WHEREAS, the protected areas are home to eight globally threatened species, eleven threatened species and five near threatened species;

